# खंड-2

## उपखंड-1

# वैदिक काल से पूर्व मध्यकाल तक प्रशासन के क्षेत्र में परिवर्तन

(Changes in Administration from Vedic Period to Pre Medieval Period)

**By Manikant Singh**

1. ऋग्वैदिक काल में कर प्रणाली स्थापित नहीं हुई थी। इसके लिए निम्नलिखित में से कौन-सा कारक सर्वाधिक उपयुक्त प्रतीत होता है?

(a) ऋग्वैदिक काल में आर्थिक अधिशेष की कमी थी।

(b) ऋग्वैदिक काल में नगरीय जीवन की शुरुआत नहीं हुई थी।

(c) ऋग्वैदिक काल में स्थायी सेना तथा रक्त संबंध से पृथक नौकरशाही का विकास नहीं हुआ था।

(d) ऋग्वैदिक काल में लोगों को कर देने की आदत नहीं थी।

2. निम्नलिखित में कौन-सा ऐसा राजवंश है, जिसने सर्वप्रथम सोने के सिक्के जारी किए?

( a ) सातवाहन

( b ) इण्डो-ग्रीक

( c ) शक

( d ) कुषाण

3. भूमि अनुदान पद्धति निम्नलिखित में से किस/किन उद्देश्य/उद्देश्यों से प्रेरित थी?

1. कृषि का प्रसार करना
2. राजा के प्रभाव क्षेत्र का विस्तार करना।
3. सीमावर्ती क्षेत्र में निवास करने वाले जनजातीय समूह को भयभीत करना।

कूट:

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2

(c) 1, 2 और 3 (d) केवल 1 और 3

4. **कथन ( A ):-** मौर्योत्तर काल में विभिन्न राजवंशों के शासकों के द्वारा बड़ी उपाधियाँ ली गई थीं।

**कारण ( R ):-** इस काल में राजाओं की शक्ति एवं प्रतिष्ठा में वृद्धि हुई।

**कूट:**

(a) A और R दोनों सत्य हैं और R, A का सही स्पष्टीकरण है।

(b) A और R दोनों सत्य हैं परंतु R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(c) A सत्य है लेकिन R असत्य है।

(d) A असत्य है लेकिन R सत्य है।

5. निम्नलिखित में कौन भारतीय सामंतवाद का/के लक्षण माना/माने जा सकते है/हैं?

1. राजा की कमजोर स्थिति
2. कृषि अर्थव्यवस्था का प्रसार
3. मध्यस्थ एवं बिचौलियों का उद्भव
4. सरकारी अधिकारियों की संख्या में वृद्धि

कूटः

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1, 2 और 3
(d) 1, 2, 3 और 4

6. निम्नलिखित में कौन से अधिकारी मौर्यकालीन ज़िला प्रशासन से जुड़े हुए थे?

1. प्रादेशिक
2. रज्जुक
3. गोप

कूट:

(a) केवल 1
(b) केवल 1 और 2
(c) 1, 2 और 3
(d) केवल 1 और 3

7. निम्नलिखित में कौन सा/से कारक मौर्यों के प्रशासनिक केंद्रीकरण को दर्शाता है/हैं?

1. जनगणना का प्रचलन
2. आर्थिक एवं सामाजिक क्षेत्र में राज्य की भागीदारी
3. राज्य की सहायता के लिये एक मंत्रिपरिषद का होना

कूट:

(a) केवल 1　　(b) केवल 1 और 2

(c) 1, 2 और 3　　(d) केवल 1 और 3

8. निम्नलिखित में कौन बुद्ध काल की प्रशासनिक संरचना के विकास से संबंधित है?

1. राजकीय कार्यों का रिकॉर्ड सुरक्षित रखना
2. मंत्रिपरिषद् की स्थापना
3. भूमि माप के पश्चात् भू-राजस्व का निर्धारण
4. स्थानीय प्रशासन का विकास

कूट:

(a) 1, 3 और 4 (b) 1, 2 और 3

(c) 2, 3 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

9. उत्तरवैदिक काल में 'रत्निन्' क्या था?

( a ) राजकीय आभूषण

( b ) राजमुकुट

( c ) अधिकारियों का एक वर्ग

( d ) राजा का सलाहकार

10. प्रशासन की सामंती संरचना और जनजातीय संरचना में समानता के निम्नलिखित में कौन-से बिंदु है/हैं?

1. राजा की कमज़ोर स्थिति
2. मध्यस्थ एवं बिचौलियों की उपस्थिति
3. राजकीय अधिकारियों की संख्या कम होना

कूट:

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2

(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

11. मौर्यों के अधीन 'आकराध्यक्ष' नामक अधिकारी किस विभाग से संबंधित था?

( a ) चारागाह

( b ) खनन

( c ) जहाज निर्माण

( d ) व्यापार